प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## वेटोफोरिया 2023 के नृत्य प्रतियोगिता में प्रभात, इशा व छाया अव्वल

पंतनगर। 28 अप्रैल 2023। विश्वविद्यालय के वैटेनरी सोसाईटी, पशुचिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय द्वारा वेटोफोरिया 2023 कार्यक्रम के तहत नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ करते हुए डा. राजीव रंजन कुमार, स्टाफ काउन्सलर, वैटेनरी सोसाईटी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों के कुल 83 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। नृत्य प्रतियोगिता के एकल वर्ग में कृषि महाविद्यालय के प्रभात जोशी ने पहला, प्रौद्य ोगिक महाविद्यालय के देवाशीष भट्ट ने दूसरा एवं पशुचिकित्सा महाविद्यालय के देवाशीष नाथ महन्त ने तीसरा स्थान पाया। नृत्य प्रतियोगिता के युगल वर्ग में पशुचिकित्सा महाविद्यालय के इशा नौटियाल, इशा नयाल एवं प्रीतम कोहली की जोड़ी ने क्रमशः पहला, दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया। नृत्य प्रतियोगिता के समूह वर्ग में पशुचिकित्सा महाविद्यालय के छाया जोशी ग्रुप विजेता व सक्षम राजपूत ग्रुप उपविजेता रहे। सभी विजेताओं को कल विश्व पशुचिकित्सा दिवस के अवसर पर रतन सिंह सभागार में अधिष्ठाता डा. एस. पी. सिंह पशुचिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। नृत्य प्रतियोगिता का मूल्यांकन डा. दिशा पंत एवं डा. अमन कम्बोज द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डा. सुधीर कुमार, डा. मीना मृगेश, इशिता नौटियाल, प्रेरणा, सिमरन रावत, आदित्य सिंह, अपूर्वा रावत आदि ने योगदान दिया।



*पशुचिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय की छात्राएं द्वारा नृत्य प्रस्तुत करते।*